Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 21-12-2005
Participants : Khanna Shri Avinash Rai

an>

Title : Need to ensure time bound promotion to the personnel of Para Military forces.

श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर) : महोदय देश में आंतरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी पैरा मिलिट्री फोर्स, जैसे कि सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआइएसएफ, आईटीबीपी वगैरह पर रहती है। अभी तक इन फोर्सो को ओर्गेनाइज्ड सेवा में नहीं लाया गया है। इनकी समय पर तरक्की नहीं होती है। ऊंचे पदों पर इसी कैडर के अफसरों को नियुक्त किया जाना चाहिए। आई पी एस कैडर के अधिकारियों को डीआईजी, आईजी, एडीजी, डीजी के पदों पर नियुक्त किया जाता है, जिनको ज्यादातर इन कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में पता नहीं होता। इस कारण इस कैडर के लोग उच्च पदों पर पहुंचने से वंचित हो जाते हैं। सरकार पैरा मिलिट्री में समयबद्ध तरक्की व उच्च पदों पर इस सेवा में से ही अधिकारियों की नियुक्ति करे। इससे पैरा मिलिट्री फोर्सो में काम कर रहे जवानों का मनोबल बढ़ेगा। देश के वर्तमान हालात में, पिछले सालों से लेकर अब तक जो आंतरिक सुरक्षा में बदलाव आया है, उसे देखते हुए एवं समय की मांग को देखते हुए, यदि इनके सर्विस रूल बदलने की अगर जरूरत है, तो सरकार जरूरत के मुताबिक इनके रूल्स बदले।